राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

भगवान महावीर जयंती पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 24 अप्रैल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने देश और प्रदेशवासियों को महावीर जयंती (25 अप्रैल) पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि भगवान महावीर के दिखाए सत्य, अहिंसा, अस्तेय और अपरिग्रह के मार्ग में विश्व कल्याण का संदेश निहित है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने सभी का आह्वान किया है कि भगवान महावीर के जीवन और उपदेशों से प्रेरणा लें तथा त्याग, संयम, प्रेम, करूणा, शील और सदाचार को अपने जीवन में अपनाएं।

———